हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 28 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, वन, लोक निर्माण, खाद्य विभाग की विभागीय योजनाओं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग की कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

### पिछले कई सालों से बकायेदारों ने गटक रखे 45 लाख से अधिक राशि

# बकायेदारों की नामांतरण पर रोक नाम, पैन और आधार नंबर लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद अंतर की राशि (आरआरसी) को नहीं पटाने वाले बकायेदारों पर राज्य शासन द्वारा शिकंजा कस दिया गया है। रजिस्ट्री के बाद बकाया राशि नहीं पटाने वाले बकायेदार के खसरा के अंतरण पर सिस्टम एनजीडीआरएस सिस्टम में रोक लगा दी गई है। जिसके बाद से बकायेदारों में हडकंप की स्थिति निर्मित है।

जिला पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद कई पक्षकार का बाद में आडिट होने के बाद बकाया राशि जिसे आरसीसी कहते हैं, इसकी वसूली की जाती है, लेकिन तीन बार से अधिक नोटिस देने के बाद ऐसे बकायेदार बाज नहीं आ रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि जिले में 08 प्रकरण हैं। जिनसे 45 लाख रुपए की वसूली की जानी है। बताया जाता है कि गोदावरी इस्पात से जुड़े प्रकरण ज्यादा है। यही कारण है कि राज्य शासन द्वारा एनजीडीआरएस प्रणाली में उनके जमीन के अंतरण यानि नामांतरण पर रोक लगा दी गई है। वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में भी बकाया राशि वसूल नहीं होने के चलते राज्य शासन द्वारा विगत सत्रह मार्च को आदेश जारी किया गया है।

**खास बातें**

- जिले में कुल आठ प्रकरण, 45 लाख की होनी है वसूली
- तीन नोटिस के बाद भी नहीं जमा की राशि, अब विभाग लेगा एक्शन



**पिता के नाम, आधार भी लॉक :** पूर्व बकायेदारों के खसरे में शामिल सभी सह संपत्तिधारक के सभी नामों पर रोक लगाने से विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है। जिसके चलते शासन ने सिस्टम में सिर्फ जमीन मालिक व उनके पिता के नाम, आधार व पैन नंबर भी सिस्टम में लॉक किए जाएंगे। जिससे वे आधार व पैन का कार्य नहीं करा पाएंगे। ऐसा एनजीडीआरएस प्रणाली में किया गया है, ताकि उक्त किसी भी जानकारी की प्रविष्टि करने जाने पर बकायेदारों की समस्त जानकारी प्राप्त हो सके। उस प्रतिबंध रकबे पर अगर पक्षकार लेनदेन करता है तो उसकी जानकारी सिस्टम में मिल जाएगी।

### कुर्की का भी प्रावधान

आरआरसी राशि की वसूली के तहत तीन बार नोटिस जारी किया जाता है। इसके बाद भी राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर कुर्की की कार्रवाई का प्रावधान है। कुर्की के लिए राज्य शासन द्वारा जिला पंजीयक को अधिकार भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कई सालों से ऐसे बकायेदारों ने राशि का भुगतान नहीं किया है। जानकारी अनुसार पिछले साल लंबे समय तक जिला पंजीयक कार्यालय में बकायेदारों के नाम ब्लेक बोर्ड में सार्वजनिक भी किए गए थे।

### खसरे में दर्ज होगा बकायेदार के नाम

किसी भी प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराने के दौरान खरीददार जमीन, प्लॉट और मकान की कम स्टांप ड्यूटी जमा कर देते हैं। सब रजिस्ट्रार को ई-रजिस्ट्री दर्ज करनी पड़ती है। इसके बाद जमीन का एरिया और वहां की कलेक्टर गाईड लाइन के हिसाब से राशि जोड़ी जाती है। इस आधार पर खरीददार को बकाया राशि जोड़कर नोटिस भेजा जाता है। इस मामले में वरिष्ठ जिला पंजीयन के यहां सुनवाई होती है। सुनवाई के आधार पर तय राशि वसूली का काम शुरू किया जाता है। पंजीयन विभाग के वसूली नहीं करने पर केस संबंधित तहसीलदार को भेजकर वसूली और प्रापर्टी की कुर्की कराई जाती है।

# जिले में अगले दो दिन हीटवेव का येलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में तेज गर्मी के बीच अब मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 48 घंटे लोगों से सावधानी बरतने कहा गया है। वहीं मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री को भी पार कर गया।

विभाग अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से छत्तीसगढ़ होते हुए मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 23 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है, फिर भी बस्तर संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

⏩ शेष पेज 14 पर

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन
डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
● एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
● ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
● हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
● डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
● ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
● ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
● ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
● विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# बाबा साहब को भाजपा ने दिया सम्मान कांग्रेस ने किया अपमानः विजयवर्गीय

### आंबेडकर की जीवनी को जन-जन तक पहुंचाने भाजपा की संगोष्ठी सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 से 25 अप्रैल तक डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान एवं संगोष्ठी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मध्यप्रदेश शासन के नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शामिल हुए। आयोजन के माध्यम से भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के दलित और देश के उत्थान के लिए दिए गए योगदान को याद किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे कैलाश विजयवर्गी ने बाबा साहब की जीवनी पर आयोजन में प्रकाश डाला।

आयोजन को लेकर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने कहा कि देशभर में बाबा साहब अंबेडकर सम्मान कार्यक्रम का 10 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। देश के सभी जिलों में बाबा साहब की जीवनी उनके संदेशों को पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को मंत्रिमंडल में सम्मान नहीं मिला, उनका अपमान किया गया। उनके महापरिनिर्वाण के 40 साल बाद उन्हें भारत रत्न दिया गया। बाबा साहब के देश को लेकर दिए गए योगदान की चर्चा इस आयोजन के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि 125 देश में बाबा साहब की जयंती मनाई जाती है। बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर केंद्र की मोदी सरकार भी चल रही है और गरीबों के उत्थान का काम कर रही है।

**खास बातें**

- विस अध्यक्ष सहित शामिल हुए भाजपा के कई वरिष्ठ नेता
- जिलेभर से पहुंचे थे कार्यकर्ता, आडिटोरियम में आयोजन



### समाज के लोगों का सम्मान

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मान सभा एवं संगोष्ठी में बौद्ध समाज के लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी सहित महापौर मधुसूदन यादव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने संबोधित किया।

### बाबा साहब ने देश को दी नई दिशा



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को नई दिशा दी। भारत को संविधान दिया, लोगों को स्वाभिमान से जीने का अवसर दिया। असमानता और भेदभाव की दीवार तोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब की याद को स्थाई करने के लिए पंच तीर्थ का निर्माण कराया है।

### पदाधिकारी हुए शामिल

सम्मान सभा के आयोजन में बौद्ध समाज के पदाधिकारी के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेमप्रकाश पांडे, खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, रामजी भारती, सचिन बघेल, भरत वर्मा, रमेश पटेल, शशिकांत द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते कहा कि विदेशों में वह संविधान जेब में लेकर चल रहे हैं, क्या उस संविधान की पुस्तक में बाबा साहब के मूल संविधान में दिए गए भगवान राम की तस्वीर है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का दंश छत्तीसगढ़ ने काफी झेला है। आज नक्सलवाद समाप्त हो रहा है। यह लोग नक्सलवाद को वोटो के राजनीति के लिए समर्थन करते थे। उन्होंने कहा कि यह लोग भारत की बुराई विदेश में कर रहे हैं, अच्छी बात नहीं है।

### वैवाहिक आयोजनों से यात्री वाहनों में भीड़

**राजनांदगांव।** वैवाहिक मुहूर्तों के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन हो रहे हैं। जिसके चलते लोगों की आवाजाही बढ़ी है। लिहाजा यात्री वाहनों में सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों भीड़ की स्थिति निर्मित है। शहर के नए व पुराने बस स्टैण्ड सहित ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाने वाले वाहनों का इंतजार करते लोगों को देखा जाने लगा है। अप्रैल माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तों के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में मांगलिक आयोजन हो रहे हैं। जिसमें शामिल होने लोगों की व्यस्तता बनी हुई है। जिसके चलते इन दिनों यात्री वाहनों में भीड़ की स्थिति निर्मित है। रेलवे स्टेशन में भी बड़ी संख्या में यात्रियों को अपने ट्रेन का इंतजार करते देखा जाने लगा है।

**माए एंगल**









## खबर संक्षेप

### ढाबा में आगजनी से पैरावट खाक



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत ढाबा में आग लगने से पैरावट जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस घटना में अन्य हानि नहीं हुई है। खैरा, नवापारा नर्मदा में आगजनी के बाद अब ढाबा में पैरावट में आग लगने की घटना सामने आई है। उल्लेखनीय है कि ढाबा में कुछ दिनों में आगजनी की तीसरी घटना है। लगातार हो रही आगजनी की घटना से ग्रामीण चिंतित हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही नगर पंचायत गंडई के कर्मचारी फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। बताया गया कि आगजनी अनिल वर्मा के पैरावट में हुई। आग लगने के कारण का पता नहीं लगा है।

### मोटर पंप के केबल की चोरी



**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई कार्यालय परिसर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर मोटर पंप का केबल चुरा लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पुलिस को शिकायत में बताया कि रविवार को छुट्टी थी। इसी दौरान रात को अज्ञात चोरों ने मोटर विभाग कार्यालय का ताला तोड़ा और लगभग 107 मीटर लंबा केबल वायर काट कर ले गए। तार की अनुमानित कीमत 24 हजार है।

### बेहतर रहा परीक्षा परिणाम



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं की परीक्षा के परिणाम गत दिनों जारी किया गया। कक्षा 9वीं का परिणाम 68.18 तथा 11वीं का परिणाम 76.7 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं की परीक्षा में शामिल 88 छात्रों में से उत्तीण 60, अनुत्तीर्ण 15 विद्यार्थी रहे।कक्षा में आकांक्षा साहू प्रथम, खुशबू साहू द्वितीय, रेशमी साहू तृतीय रही। कक्षा ग्यारहवीं के 116 छात्रों में से उत्तीर्ण 89, अनुत्तीर्ण 4 विद्यार्थी रहे। कक्षा में जीनल कौशिक विज्ञान संकाय प्रथम, फनीश कुमार कला संकाय द्वितीय, दिव्या यादव विज्ञान संकाय तृतीय स्थान पर रही। परिणाम घोषणा के दौरान सरपंच तारण रजक, इंदु भुआर्य, शुभम देशमुख, अंग्रेज चक्रधारी, डीएस कौमार्य, आर साहू, तरुण साहू, एचके सोनकर, डीके जंघेल, टीएन साहू, कल्याणसिंह, एसके साहू, आरआर साहू, एके खोब्रागड़े आदि मौजूद थे।

### उपाध्यक्ष ने किया आवास सर्वे



**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत बनभेडी में जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू ने सगनीबाई चंद्रवंशी का प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 में सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान सरपंच, उपसरपंच, पंच, विकासखंड समन्वयक, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। सर्वे के द्वितीय चरण अंतर्गत जन जागरूकता हेतु पंचायत सचिव उमेश देवांगन ने उचित मूल्य की दुकान में ग्रामवासियों को आवास प्लस सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी दी।

---

### घटिया निर्माण पर ग्रामीणों ने जतायी आपत्ति

# निर्माण के साथ सड़क के भविष्य पर उठने लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

छोटे टेमरी को राजनांदगांव पहुंच मार्ग से जोड़ने लगभग 3 किलोमीटर जर्जर सड़क को उखाड़ कर नया निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता को नजर अंदाज कर मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। मुरम की जगह मिट्टी मिक्स मुरम, बोल्ड गिट्टी की जगह घटिया मिक्स गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पुरानी आधी सड़क को उखाड दिया है। वहीं आधी सड़क को बिना उखाड़े ही बेस पर मुरम डाला जा रहा है। गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण से उसके टिकने पर अभी सवाल खड़े होने लगे हैं।

#### सूचना फलक गायब

ग्रामीणों ने बताया कि मौके पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया जिससे उन्हे स्वीकृत राशि, सड़क की लंबाई- चौड़ाई की जानकारी नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि निर्माण के दौरान विभाग के अधिकारी मौके पर नजर नहीं आते हैं। मजदूरों के भरोसे निर्माण कराया जा रहा है।

#### ग्रामीणों में नाराजगी

छोटे टेमरी के ग्रामीणों में घटिया निर्माण पर नाराजगी जताया है। ग्राम के टेकराम पटेल ने कहा कि सड़क का निर्माण तो किया जा रहा है किंतु सड़क किनारे बसी आबादी के लिए आने जाने में होने वाली असुविधा की अनदेखी किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले ने कहा एस्टीमेट के अनुसार कार्य होना चाहिए। इस संबंध में शीघ्र ही विभाग के ई ई से बात किया जाएगा।



---

# हक जताकर तालाब को किया खाली, चकनार में संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

तेज गर्मी के चलते सभी गांवों में जल संकट गहराया हुआ है। ग्राम चकनार में यह समस्या काफी गंभीर हो गई है। गांव में निस्तारी के लिए एक तालाब है। इस तालाब का का उपयोग ग्रामीण सैकड़ो वर्षों से कर रहे हैं। इस तालाब पर एक व्यक्ति विशेष ने अपना एकाधिकार बताकर खाली करा दिया है। अब तालाब को उपयोग के लिए चार हिस्सों में विभाजित करने की तैयारी है।

#### कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने तालाब पर एकाधिकार जताकर खाली करने वाले व्यक्ति पर समुचित कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने तालाब में पुनः पानी भरने की मांग की है ताकि ग्रामीण एवं मवेशियों की परेशानी दूर हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि इस तालाब में हमेशा से प्रतिमा एवं जोत विसर्जन करते आ रहे थे। पहली बार तालाब खाली होने से वैकल्पिक व्यवस्था कर विसर्जन करना पड़ा था।



#### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

सोमवार को चकनार के ग्रामीणों ने गंड़ई तहसील कार्यालय पहुंच कर निस्तारी जल के लिए तालाब की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ माह पहले तालाब में लबालब पानी भरा था। अपना अधिकार जताने वाले व्यक्ति ने खाली करा दिया, जिससे ग्रामीणों के सामने निस्तारी की समस्या खड़ी हो गई है। तालाब में पुनः पानी नही भरा गया तथा निस्तारी के लिए ग्रामीणों को रोका गया तो यहां बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। आवेदन देने के दौरान पूर्व सरपंच डोगेन्द्र सोरी, महेन्द्र पटेल, गोवर्धन सिन्हा, कमल निषाद, भानु प्रताप जंघेल, प्रदीप जंघेल, गौतम सिंह, रमेश जंघेल, चरणश्याम साहू, पवन पटेल, रेखलाल पटेल, युवराज यादव, दौलत यादव, चेतन निषाद, हेमंत पटेल, नंदराम, भीषम, श्याम यादव सहित महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद थी।

### शुभारंभ आज

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर मांडवी के अथक प्रयास से जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 23 अप्रैल से जिला मेडिकल बोर्ड का शुभारंभ किया जा रहा है।

---

# शौचालय की कमी से बस यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

अंतरराज्यीय बस मार्ग के संगम स्थल और व्यापार केंद्र के रूप में पहचान बना चुके गंडई नगर के पास स्थित ग्राम नर्मदा में आज भी सुलभ शौचालय और मूत्रालय की सुविधा नहीं है जिसके चलते बस यात्रियों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक दिक्कतें उन महिलाओं को होती हैं, जिन्हें लंबा सफर तय करने के बाद शौचालय की आवश्यकता महसूस करती है। नर्मदा बस स्टॉप के आसपास शौचालय की सुविधा न होने के कारण लोगों को दूर एकांत स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे खुले में टॉयलेट करना महिलाओं को शर्मनाक स्थिति से जूझना पड़ता है।

लोगों का कहना है कि कई सरकारें आईं और गईं पर किसी ने इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाया। स्थाई शौचालय तो दूर यहां बायो-टॉयलेट तक की व्यवस्था भी नहीं है।

उल्लेखनीय है कि नर्मदा में प्रतिवर्ष तीन दिवसीय प्रसिद्ध नर्मदा मेले का आयोजन होता है, जिसमें प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। यह तीन मुख्य मार्गों का संगम है और मध्यप्रदेश जाने का भी एक रास्ता है। यहां से राजनांदगांव, कवर्धा, दुर्ग, रायपुर सहित साल्हेवारा और मध्य प्रदेश के लिए हर दिन दर्जनों बसों की आवाजाही होती है। नर्मदा अब एक जंक्शन के रूप में उभर रहा है और व्यापार भी बढ़ रहा है। हर दिन सैकड़ों महिला और पुरुष यहां से गुजरते हैं, जिन्हें शौचालय की आवश्यकता महसूस होती है।



#### जमीन का संकट

जिम्मेदारों के अनुसार नर्मदा में शासकीय जमीन उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण शौचालय का निर्माण नहीं हो सका है। हालांकि लोगों का कहना है कि स्थाई शौचालय न सही, कम से कम बायो-टॉयलेट की वैकल्पिक व्यवस्था किया जा सकता है।

#### शीघ्र होगा निर्माण

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकर ने बताया कि नर्मदावासी शौचालय बनाने के लिए जगह उपलब्ध कराते हैं, तो जल्द ही सर्व सुविधायुक्त शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

#### अब तक पहल नहीं

नर्मदा के अवधेश मिश्रा ने बताया कि सुलभ शौचालय और टॉयलेट की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक पहल नहीं हुई है, जबकि यहां से अंतरराज्यीय बसों का आना-जाना होता है और बहुत से लोग व्यापार करते हैं। यहां शौचालय या टॉयलेट जल्द बनाया जाना चाहिए। हार्डवेयर के संचालक बालकृष्ण जंघेल ने बताया कि ग्राम में शौचालय नहीं है, जिसके कारण बस स्टॉप से 200 मीटर दूर खुले में महिलाओं और पुरुषों को शौच के लिए जाना पड़ता है, जो शर्मनाक है।

---

# अपनी जमीन के लिए दो साल से भटक रहा बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



वार्ड 13 के जमीन मालिक द्वारा पालिका में लगातार टैक्स अदा करने के बाद भी वार्ड के व्यक्ति द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इस आशय की शिकायत करने के बाद उसकी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया जा रहा है। लगातर शिकायत करने के बाद भी बुजुर्ग व्यक्ति न्याय के लिए भटक रहा है। पालिका के चक्कर काट रहे सनेरूद्दीन पिता तजरूद्दीन उम्र 74 साल ने बताया कि वह दो साल से कलेक्टर के अलावा नगर पालिका को लगातार आवेदन दे रहे है किन्तु उनकी बात न अधिकारी सुन रहे हैं और न जनप्रतिनिधि। बताया जाता है कि पालिका के अधिकारी बुजुर्ग की जमीन से कब्जा हटवाने के बजाए कब्जा करने वाले से उपरी वसूली कर बुजुर्ग की अनदेखी कर रहे है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि जमीन पर बेजा कब्जा करने से उन्हे आवास योजना से वंचित हो रहे है । जमीन के दस्तावेज सहित 75 वर्षीय बुजुर्ग सेनरूद्दीन अपनी पत्नि के साथ पालिका अध्यक्ष से फरियाद करने पहुंचे। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अधिकारी से बात कर मामले का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

- निजी जमीन पर दूसरों ने किया कब्जा
- शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

---

# पृथ्वी के संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी के सरंक्षण से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए। बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र मुरली साहू, तन्नू ठाकुर, मोनिका मारकण्डे एवं पलक मारकण्डे ने कविता प्रस्तुत किया। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान देव्यानी, द्वितीय गुलाब साहू तथा तृतीय स्थान आकांक्षा वैष्णव ने प्राप्त किया।

#### छात्रों ने बनाए प्रेरक पोस्टर

महाविद्यालय के अतिधि व्याख्याता ओमप्रकाश सहारे ने पृथ्वी के संरक्षण से संबंधित उपाय बताया। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने पृथ्वी के संरक्षण में वनों की भूमिका को बताया और वन संरक्षण से संबंधित चिपको आंदोलन के प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन चांदनी पराते एवं संयोजन डॉ. संजू सिंह ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया।

---

### मरार समाज की पहल

# 15 जोड़ों का सामूहिक ब्याह

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



बगदई में कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी राजनांदगांव ने रविवार को सामूहिक आदर्श विवाह एवं स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। अतिथि सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, कोसरिया समाज अध्यक्ष देवकुमार पटेल एवं अंजू त्रिपाठी थी। इस अवसर पर सांसद श्री पांडे ने नव विवाहित जोड़ों को उपहार प्रदान किया। सांसद पांडे ने कहा कि सामूहिक आदर्श विवाह के आयोजन से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है।

#### 15 जोड़ों का ब्याह

इस आयोजन में 15 जोड़े नवदंपत्ति परिणय सूत्र में बंधे। अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीबों के लिए वरदान है जिससे खर्चीली शादी पर रोक लगती है।

इस अवसर पर देवकुमार पटेल, द्वारका पटेल, चरण पटेल, मोहन पिपरिया, मेहत्तर पटेल, महासिंह पटेल, देवसिंह पटेल, उमेंदी पटेल, रोमन पटेल, भुवनेश्वर पटेल, टेकराम पटेल, मोहन पटेल, देवीलाल पटेल, पुनाराम पटेल, सुरजूराम पटेल, प्रेमसिंह पटेल, मानसिंग पटेल, हीरामन पटेल, सुदर्शन पटेल, देवचंद पटेल, अनिल पटेल, नरेश पटेल, टेशन पटेल, प्रकाश पटेल, राम पटेल, ईश्वर पटेल, अनक पटेल, महादेव पटेल, उर्मिला पटेल, रेनू पटेल, गुलशन पटेल, डेरहाराम पटेल, बिझवार पटेल, रमेश पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# अध्यक्ष ने विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने यहां पहुंचकर मां बम्लेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस मौके पर उन्होंने पर्यटन विभाग के माध्यम से चल रहे 48 करोड़ के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार डोंगरगढ़ पहुंचे श्री शर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल ने स्वागत कर माता की चुनरी भेंट की। प्रसाद योजना के तहत उपर मंदिर में चल रहे 6 करोड़ के निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार को आडे. हाथ लेते हुए धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए स्टीमेट के अधार पर निर्माण कराने की बात कही। उन्होंने स्थानीय रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से भेंट कर विकास कार्यो पर चर्चा किया। भाजपा नेता हरविंदर सिंग मंगे के होटल राज इन में उपस्थिति दर्ज कराया। श्री शर्मा ने चंद्रगिरि तीर्थ पहुंचकर आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि को नमन किया। चंद्रगिरि में चल रहे निर्माण कार्यों को देखा।

उन्होंने 40 करोड़ के निर्माणाधीन श्रीयंत्रम को भी देखा। पर्यटन विभाग के प्रबंधक विवेक आचार्य, महाप्रबंधक वेदव्रत सिरमौर, उप महाप्रबंधक संदीप ठाकुर, श्रीनिवास एवं ठेकेदार आरके झा की उपस्थिति में धीमी गति से चल रहे कार्यो को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन श्रीयंत्र, आडिटोरियम, मिनी थियेटर, रसोई हाल एवं साधना केन्द्र का निरीक्षण किया। श्रीयंत्र के आसपास खाली जमीनों में वृक्षारोपण करने के अलावा सैलानियों के रूकने की व्यवस्था करने पर चर्चा की। श्री शर्मा ने प्रवास के दौरान प्रसाद योजना अंतर्गत प्रज्ञागिरि स्थल पर बनने वाले उपासना केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रज्ञागिरि में ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर की उपस्थिति में बौद्ध समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा उपासक-उपासिकाओं ने स्वागत किया। उन्होंने प्रज्ञागिरि में भगवान बुद्ध की आराधना कर आशिर्वाद लिया।

इस दौरान दीपक चौहान, नरेन्द्र हंसा, देवल मल्यानी, विनय वारके, अशोक निर्मलकर, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे, किरण साहू, रमन डोंगरे, जसमीत सिंह बन्नौआना, संगीता टेम्भुरकर, तुलसी मिश्रा, महेन्द्र अग्रवाल, अमित जैन, सत्यप्रकाश मिश्रा, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, सरफु खान, सुमित मिश्रा, कैलाश सोनवानी, संतुराव अन्ना, प्रिंस कक्कड़, राजेन्द्र सेन, रामकुमार डडसेना, शुभम परिहार, नीरज यादव, अचलासिंह ठाकुर, धीरज मेश्राम, सुनील नागदौने, कन्हैया अग्रवाल, अनिश निर्मलकर, महेन्द्र डोंगरे, शिशिर मिश्रा, डी एकेश राव आदि मौजूद थे।

---

### आवदेनों का निराकृत करने के निर्देश

**डोंगरगढ़।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने गत 19 अप्रैल को सभी कार्यालय प्रमुखों की बैठक जनपद पंचायत के सभाकक्ष में लिया। बैठक में सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनो को समय सीमा मे निराकृत करने निर्देशित किया गया।

### हत्या की आशंका, पुलिस जांच शुरू

**डोंगरगढ़।** करवारी- लतमर्रा मार्ग में खून से लथपथ लाश मिलने के बाद पुलिस ने हत्या की आशंका को देखते हुए विवेचना शुरू कर दिया है। मौके पर जली मोटर सायकल मिली है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कन्हारगांव के 35 वर्षीय देवलाल मंडावी पिता रामु गोंड के रूप किया है। रविवार को युवक की लाश देखकर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। युवक की लाश और वाहन की स्थिति को देखते हुए हत्या करने की आशंका है। घटना के बाद मोटर सायकल को आग के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी के अवकाश पर होने के कारण एसडीओपी आषीश कुंजाम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दिया है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल में मनाई जाएगी हर्षोल्लास से भगवान परशुराम जयंती

# अबूझ मुहूर्त अक्षय तृतीया पर होंगे सर्वाधिक वैवाहिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अप्रैल माह के अंतिम दिन 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व है। इस पर्व को अबूझ मुहूर्त माना गया है। जिसके चलते इस दिन अंचल में बड़ी संख्या में मांगलिक आयोजन होने की संभावना है। वहीं भगवान परशुराम जयंती पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है।

ज्ञात हो कि अप्रैल माह में लगातार मांगलिक मुहूर्त का दौर है। बड़ी संख्या में लोग अक्षय तृतीया के दिन ही मांगलिक आयोजन करते हैं। पंचाग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 29 अप्रैल को शाम 5.31 बजे से प्रारंभ होगी और 30 अप्रैल को दोपहर 2.12 बजे तक रहेगी। सूर्योदय तिथि को देखते हुए अक्षय तृतीया पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाएगा।

### विधि-विधान से पूजा-अर्चना

अक्षय तृतीया पर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने पारंपरिक रिवाज के हिसाब से भी पर्व मनाएंगे। इस दिन भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी की भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। माना जाता है कि अक्षय तृतीया को दान करने से सुख-समृद्धि की वृद्धि होती है। वही सभी शुभ कार्यों को करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। बड़ी संख्या में लोग अक्षय तृतीया पर्व से ही नए मटकी इत्यादी का उपयोग करते हैं। वहीं पूर्वजों को तर्पण भी किया जाता है।



### पर्व ने बढ़ाई बाजार की रौनक

इधर अप्रैल माह में शुरू हुए लगातार वैवाहिक मुहूर्त के बाद से शहर सहित ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजनों की धूम है। वहीं बाजार में वैवाहिक आयोजन संबंधी सामग्रियों की जमकर खरीदी की जा रही है। सुबह से देर शाम तक बाजार में रौनक एवं चहल-पहल बनी हुई है। समीप अक्ती पर्व को लेकर भी लोगों ने पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी शुरू कर दी है। आगामी दिनों में बाजार में और भी चहल-पहल बढ़ने की संभावना है।

### घर-घर में रचाएंगे गुड्डा-गुडिया का विवाह

अंचल में परंपरानुसार अक्षय तृतीया अक्ती के दिन घर-आंगन में छोटे-छोटे मंडप बनाकर बच्चे मिट्टी के बने गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाएंगे। इस मौके पर बकायदा आसपास के लोगों को निमंत्रण भी दिया जाएगा। बाजे-गाजे के साथ गुड्डा-गुडिया का विवाह रचाने में बच्चों के परिजन भी शामिल होंगे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करेंगे। बाजार में आगामी दिनों से मिट्टी के बने गुड्डा-गुडिया की दुकानें सजनी शुरू हो जाएगी।

### शुभ कार्य होंगे शुरू

मान्यताएं है कि अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान परशुराम जी का जन्म हुआ था। भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मदिन को अंचल में श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त माना गया है। इस दिन मांगलिक सहित कई शुभ कार्य होंगे।

# एक साथ चुनाव होने से खर्च में आएगी कमी, विकास होगा तेज

- मंडल भाजपा की संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



मंडल भाजपा ने टाऊन हाल में एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान एक राष्ट्र,एक चुनाव की अवधारणा को लोगों के समक्ष रखा गया। संगोष्ठी में जिला भाजपा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने बताया कि एक राष्ट्र- एक चुनाव के उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभा के चुनावों को एक साथ करना है ताकि समय, संसाधन और खर्चों की बचत हो सके। उन्होंने बताया कि बार बार चुनाव कराने में भारी भरकम खर्च होती है साथ ही संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव होने से खर्च में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि बार -बार आचार संहिता लागू होने से विकास परियोजनाएँ रुक जाती हैं।


### बढेगी मतदाताओं की भागीदारी

जिपं अध्यक्ष ने बताया कि एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं में जागरूकता और उत्साह पैदा होगा, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र सशक्त होगा। उन्होंने कि अलग अलग चुनाव होने से चुनाव आयोग व राजनीतिक दलों को प्रचार आदि में बड़ी धनराशि खर्च करना पड़ता जिस पर अंकुश लगेगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि संसद में प्रस्तुत विधेयक को पारित कर कानूनी रूप दिया जाना चाहिए। इस मौके पर जिला महामंत्री दिलीप वर्मा ने भी अपने विचार रखे। अंत में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गुलाब गोस्वामी, मोहन जैन, रियाजुद्दीन कुरैशी, अमित श्रीवास्तव, प्रकाश मिश्रा, राजेश घीया, देवनारायण कुंभकार, राजेश जैन, गौरव शर्मा, संगीता मिश्रा, ईश्वरी धुर्वे, अविनाश त्रिपाठी, संजय लाटा, शुभम लाटा, राजकुमार खण्डेलवाल, गौरीशंकर गुरले, शत्रुघन चुरेन्द्र, शंकर पटेल, शंकर मनिकपुरी, तीजन मनिकपुरी, श्यामा देवी निवरे, मनीष मिश्रा, दिलीप कौशिक आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### हितग्राही करेंगे शिरडी, शनि सिंघनापुर की यात्रा

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत जिले के 313 हितग्राहियों को 14 से 17 मई तक राजनांदगांव जिले से शिरडी, शनिसिंघनापुर, त्रयम्बकेश्वर की यात्रा कराई जाएगी। योजनांतर्गत यात्रा में शामिल होने के लिए 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक (महिला/पुरूष) एवं विधवा व परित्यक्त महिला हितग्राही आवेदन कर सकते हैं। 80 प्रतिशत हितग्राही बीपीएल अंत्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी होंगे तथा 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबीरेखा के ऊपर के नागरिक होंगे, जो आयकर दाता ना हो। इस योजना अंतर्गत 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्र के तथा 25 प्रतिशत हितग्राही शहरी क्षेत्र के होंगे। योजना के तहत पात्रता रखने वाले हितग्राही जो इस योजना का लाभ पूर्व में नहीं लिए है।

## खबर संक्षेप



### जिपं सदस्य विभा ने रातापायली में किया सर्वेक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले के जनप्रतिनिधि द्वारा मोर दुआर साय सरकार महाभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों की पहचान हेतु आवास सर्वेक्षण में शामिल हो रहे हैं। इसके तहत जिला पंचायत सदस्य विभा विमल साहू द्वारा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम रातापायली में संतोषी निषाद के कच्चे आवास का प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 में शामिल करने के लिए सर्वेक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने ग्रामीणों को समय पर सर्वेक्षण कराने प्रेरित किया। सर्वे के दौरान सरपंच, वार्ड पंच, रोजगार सहायक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अभियान अंतर्गत किया जा रहा आवास प्लस सर्वेक्षण

**राजनांदगांव।** शासन के मोर दुआर साय सरकार अभियान अंतर्गत



प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 विशेष सर्वेक्षण अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य द्वारा ग्राम गोडलवाही में बिंदाबाई जनक नेताम के कच्चे मकान का आवास प्लस 2.0 एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य बिरमबाई मण्डावी द्वारा ग्राम टीपानगढ़ में दशरिताबाई, गोमतीबाई एवं गंगोत्रीबाई के कच्चे मकान का आवास प्लस 2.0 एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने सर्वेक्षण के दौरान ग्रामीणों को मोर दुआर साय सरकार अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान सरकार द्वारा पात्र परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने योजना अंतर्गत कोई भी पात्र हितग्राही सर्वेक्षण में नहीं छूटे, इसके लिए सभी पात्र हितग्राहियों को स्वेच्छा से अपना सर्वे करवाने की अपील भी की। सर्वेक्षण के दौरान सरपंच, पंच, सर्वेयर, ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तापमान बढ़ने से बिगड़ रही सेहत

**सड़क अतरिया।** अंचल के लोग बीते तीन चार दिनों से तेज गर्मी महसूस कर रहे हैं। सुबह से ही पारा तेजी से बढ़ने लगता है। लगभग दस बजे के आसपास गर्म हवाएं चलने लगती है जिसका असर लोगों के सेहत पर पड़ रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि एक दो दिनों से गर्मी के कारण मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। गर्मी के चलते लोग डिहाईड्रेसन, चक्कर आना, उल्टी- दस्त तथा लू आदि से प्रभावित हो रहे हैं।

# आवश्यक मरम्मत, सफाई व पार्किंग की करें बेहतर व्यवस्था

## आयुक्त ने शहरी क्षेत्र का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रातःकालीन सफाई निरीक्षण की कड़ी में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा गुरुवार सुबह स्वास्थ्य एवं तकनीकी अधिकारी के साथ इंडस्ट्रीयल एरिया, आरा मशीन रोड, बांस टाल, बैंक कालोनी एवं पटेल कालोनी के अलावा गंज चौक, मानव मंदिर चौक में सफाई देख कालोनियों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर बारिश के पूर्व बड़े नाली-नालों की सफाई करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को दिए। वहीं उप अभियंता अशोक देवांगन को तिरूपति काम्पलेक्स के पार्किंग के लिए दुकानदारों से बात कर आरा मशीन रोड मरम्मत व डामरीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार करने कहा।

सफाई निरीक्षण में आयुक्त विश्वकर्मा स्पीकर हाउस रोड, आरा मशीन रोड में साफ-सफाई देख वार्ड प्रभारी को रोड एवं बैंक व पटेल कालोनी में साफ-सफाई कर कचरा उठाने, सड़क के दोनों ओर साफ-सफाई कराने तथा स्पीकर हाउस के बाजू यूरिनल की सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कालोनियों में साफ-सफाई के अलावा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने समझाईस दें तथा शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होंने उक्त रोड मरम्मत व डामरीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार करने तकनीकी अधिकारी से कहा। उन्होंने इंडस्ट्रीयल एरिया, जीई रोड हनुमान मंदिर के बाजू गाड़ी सर्विसिंग सेन्टर का नल कनेक्शन काटने, अम्बेडकर चौक श्रमिक भवन के पास अतिक्रमण हटाने निर्देशित किए।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

आयुक्त ने गंज चौक में साफ-सफाई देख निगम काम्पलेक्स के बाजू पार्किंग स्थल में समुचित साफ-सफाई कराने तथा गाड़ी वालों को व्यवस्थित वाहन रखने व साफ-सुथरा रखने समझाईस देने कहा। उन्होंने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर तकनीकी अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मानव मंदिर चौक में सफाई देख वार्ड प्रभारी से कहा कि व्यस्तम चौक के साथ-साथ शहर का प्रमुख मार्ग है, जिसे ध्यान में रखकर समुचित साफ-सफाई कराएं।



### वाहन पार्क करने दें समझाइश

स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा ने भी उक्त क्षेत्र में साफ-सफाई देख आयुक्त विश्वकर्मा से चर्चा की। आयुक्त ने तिरूपति काम्पलेक्स का पार्किंग देख कहा कि काम्पलेक्स के दुकानदारों से चर्चा कर काम्पलेक्स के पार्किंग स्थल में पर्याप्त सफाई रख गाड़ी पार्क करने समझाईस दें, अपालन पर कार्रवाई करें।

### तीन चरणों में नालों की सफाई

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी से नाला सफाई की जानकारी ली। स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि तीन चरण में पूरे शहर के बड़े नाली व नालों की सफाई मेनुअल एवं जेसीबी के माध्यम से की जाती है। वर्तमान में पुराना बस स्टैण्ड, इंदिरा सरोवर के पास नाला की सफाई जेसीबी से की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि बारिश के पूर्व सभी नाली-नालों की सफाई चरणबद्ध की जाए। जिससे वर्षा ऋतु में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो, आवश्यकता अनुसार जेसीबी चैन माउंटेन से भी नाला सफाई कराई जाए।

# कार्यशाला में शामिल हुए जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य स्तरीय हिमालय वुड बैज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने के साथ ही उन्हें आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, स्वावलंबन और देश व समाज सेवा के साथ स्काउटिंग अनुशासन से अपना कर्तव्य करना भी सिखाता है। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियां प्रशिक्षण, शिविर, हाइक, एडवेंचर कैम्प, राज्यपाल अवार्ड सहित विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से गतिशील है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से राज्य स्तर तक और राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिला है और बच्चे बढ़-चढ़कर सहभागी होकर अवार्ड प्राप्त कर रहे हैं।

### कार्यशाला आयोजित

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हिमालय वुड बैज एक दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों से 200 प्रमुख डिग्रीधारी हिमालयन वुड बैज स्काउटर गाइडर प्रशिक्षक शामिल हुए। जिसमें राजनांदगांव जिले से हिमालय वुड बैज स्काउट विभाग से गोवर्धन सिंह राजपूत, अलख राम साहू तथा हिमालय वुड बैज रेंजर विभाग से श्रीमती मनीषा सहारे सम्मिलित हुई। कार्यशाला में ऑनलाईन पंजीयन, प्रगतिपथ, स्काउटिंग में होने वाले नई शिक्षा नीति के तहत विषय राज्य पुरस्कार की तकनीकी जानकारी, स्काउटर गाइडर विकासात्मक जानकारी, आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी, जिला स्तर पर समस्याओं को राज्य कार्यकारणी में रखना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

# बाबा साहब ने लोकतांत्रिक ढांचे की नींव रखी



**मोहला।** जिला भारतीय जनता पार्टी मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की आज अंबागढ़ चौकी नगर के टाउन हॉल में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती पर प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, गुलाब गोस्वामी, नेहरू रजक , कमलेश सारस्वत, संगीता मिश्रा, दिलीप वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भरत वर्मा ने बाबा साहब अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जिन्हें भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में जाना जाता है। एक दूरदर्शी नेता, समाज सुधारक और विद्वान थे। जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार दिया। संविधान सभा की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहब ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित लोकतांत्रिक ढांचे की नींव रखी। सामाजिक न्याय के दृढ समर्थक भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपना जीवन, जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने और वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित कर दिया। समावेशी विकास, सशक्तिकरण और प्रगति बाबा साहब की विरासत है।

इस अवसर पर बौद्ध समाज के प्रमुख आरएस दामले, सुनील चौरे, श्री मिलिंद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, पूर्व जिला मंत्री राजेश सिंगी, काशी निषाद, देवनारायण कुम्भकार, चंदन उपाध्याय, अमित श्रीवास्तव, मनोज नेताम, नंदकुमार अमरिया, राजहंस मंडावी, राजीव तिवारी, अविनाश त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, शुभम लाटा, दिलीप कौशिक एवं समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भारत रत्न से सम्मानित किया

भाजपा जिलाध्यक्ष नम्रता सिंह ने अपने उद्बबोधन में अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की, जो शोध और सामाजिक-आर्थिक बदलाव के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है। भाजपा समर्थित सरकार ने बाबासाहब भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत भारतरत्न से सम्मानित किया। इसके साथ ही 1990 में संसद में उनका चित्र स्थापित किया गया। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने भीम ऐप लॉन्च किया गया। जिसका नाम बाबा साहब अंबेडकर के सम्मान में, उन्हीं के नाम पर रखा गया है। यह ऐप उनके योगदान के सम्मान और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का प्रतीक है।

## एसपी ने क्राइम मीटिंग लेकर लंबित मामलों की गहनता से की समीक्षा

# अपराध नियंत्रण करने के लिए बेहतर पुलिसिंग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने क्राईम मीटिंग लेकर असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने, सायबर ठगी के मामलों में गंभीरतापूर्वक विवेचना कर समय-सीमा में प्रकरण के निराकरण हेतु दिशा-निर्देश दिया।

सोमवार 21 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पुलिस अधीक्षक त्रिलांक बंसल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ आशारानी व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गंडई मानकराम कश्यप, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) प्रदीप येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स, रक्षित केन्द्र रमेश चंद्रा की उपस्थिति में जिले के थाना व चौकी प्रभारियों की मींटिग लेकर अपराध नियत्रंण एवं लंबित मामलों की गहनता से समीक्षा की गई।



### अपराध रोकने सख्त निर्देश

इस दौरान अपराध रोकने एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियत्रंण हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिया गया। अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने एवं समंस, वारंटों की तमीली पर विशेष बल दिया गया। थानों में लंबित अपराध, मर्ग एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु हिदायत दिया गया। थानों में दर्ज गुम इंसान के प्रकरणों में गंभीरता से जांच कर गुम इंसानों की पता तलाश करने निर्देशित किया गया।

### करें जागरूक

अपराधों की रोकथाम हेतु अधिक से अधिक माईनर एक्ट की कार्रवाई कर जुआ, अवैध शराब बिक्री, दवाईयां, नशाखोरी पर नियंत्रण करने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारियों को जनता में महिला एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध, सायबर अपराध, सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरूक करने तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए चलित थाना व विभिन्न ग्रामों में सामुदायिक पुलिसिंग चलाए जाने के लिए हिदायत दिया गया। क्राईम मीटिंग में जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के समस्त थाना व चौकी प्रभारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

## सौंदर्यीकरण एवं ज्योति कक्ष की घोषणा



**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत खैरा नवापारा का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात किया। उन्होंने गांव में पीएम आवास एवं पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों के केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को बताकर लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर शीतला मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं ज्योति कक्ष निर्माण कराने की घोषणा किया। इस मौके पर सरपंच प्रकाश जंघेल, भुवन जंघेल, ज्ञानेंद्र जंघेल, आत्मा साहू, मन्नू नेताम आदि मौजूद थे। इससे पहले उन्होंने मानपुर, जीराटोला, बगदूर, चकनार, ठंडार का दौरा कर योजना की जानकारी एवं कार्यों का अवलोकन किया।

## सार समाचार

### साई दर्शन नगर में मनाया गया साई महोत्सव



**राजनांदगांव।** साई बाबा का महोत्सव साई बाबा मंदिर की स्थापना के 12 साल पूरे होने पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी साई महोत्सव 17 अप्रैल को धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव में विविध कार्यक्रम की कड़ी में सुबह 5.30 बजे काकड़ आरती, सुबह 7.30 बजे पूजा अभिषेक, दोपहर 12.30 बजे मध्यान्ह आरती, 1 बजे से साई प्रसादी और शाम 5.30 बजे सांई पालकी का आयोजन किया गया। संध्या 7 बजे धूप आरती हुई। इसके बाद विशाल साई भंडारा का कार्यक्रम देर रात्रि तक चला। साई भजन रात्रि 8 से रात्रि 11 बजे तक चला। आयोजित समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। आयोजन को लेकर साई दर्शन नगर सहित आसपास के इलाके में भारी उत्साह रहा। श्री साई बाबा मंदिर ट्रस्ट के सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी ट्रस्ट के सदस्य साई भक्त ऋषि सिन्हा ने दी।

### आपदा प्रबंधन शिविर के लिए पुष्पेन्द्र का चयन



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के छात्र पुष्पेन्द्र साहू पीजीडीसीए का चयन आपदा मित्र योजना के अंतर्गत किया गया है। छत्तीसगढ़ से कुल 20 व झारखंड राज्य से 20 कुल 40 छात्र-छात्राओं का चयन इस शिविर के लिए किया गया है। इन आपदा मित्रों को उड़ीसा राज्य प्रबंधन प्रधिकरण द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में ट्रेनिंग दिया जाएगा। प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 5 मई तक कुल 21 दिन महात्मा गांधी ऐकेडमी छाताबार भुनेश्वर उड़ीसा में दिया जाएगा। पुष्पेन्द्र प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहा है। पूर्व रासेयो का दलनायक भी रह चुका है। उनके शिविर में चयन होन पर प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे, रासेयो आधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे, दीपक हरिहारनों, शेखर साहू व महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी।

### विषम परिस्थितियों से निपटने में मिलेगी सुविधा : सांसद

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव के कर कमलों द्वारा जिले के अग्नि सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करने अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिगेड गाड़ी) का लोकार्पण किया गया। सांसद पांडे एवं महापौर यादव ने पूजा-अर्चना कर गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए।



नगर सेना मुख्यालय राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा जिले के अग्नि सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करने एवं आपातकाल में जनधन की हानि को रोकने हेतु नए अग्निशमन वाहनों का राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव के साथ लोकार्पण किया और हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में समर्पित किया। सांसद ने कहा कि नगर सेना के जवान हर आपातकालीन परिस्थितियों को नियंत्रित कर जनधन की हानि को रोकने सदैव मुस्तैद रहते हैं और इन नए वाहनों के अग्निशमन में जुड़ने से जिले को विषम परिस्थितियों से निपटने में सुविधा मिलेगी।

### एक दिन में मिला जाति प्रमाण पत्र



**राजनांदगांव।** शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का विभिन्न विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम रंगीटोला निवासी दीनालाल मंडलोई को एक दिन में ही जाति प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गया। दीनालाल मंडलोई ने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तहसील कार्यालय डोंगरगांव स्थित लोक सेवा केंद्र में जाति प्रमाण पत्र बनाने आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होंने सुशासन तिहार की प्रशंसा करते बताया कि लोक सेवा केन्द्र में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने पर एक ही दिन में निःशुल्क जाति प्रमाण पत्र बनकर प्राप्त हो गया।

### नव नियुक्त अध्यक्षों का समिति ने किया सम्मान




**राजनांदगांव।** नगर निगम के सभागार में शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में निर्वाचित महापौर सहित प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत आयोग मंडलों के अध्यक्षों का सम्मान किया गया। राजनांदगांव जिले की जीवनदायनी शिवनाथ नदी के संरक्षण, संवर्धन की दिशा में कार्य कर रही शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का सम्मान किया गया।

**विकास की मांग-** सम्मान समारोह के इस आयोजन में विभिन्न समाज के पदाधिकारी, साहित्यकार, कलाकार सहित शहर के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर समिति ने अपने कार्यों की जानकारी दी। समिति के अध्यक्ष डीसी जैन ने कहा कि समिति द्वारा मोहारा मेला ग्राउंड से ऑक्सीजोन को जोड़ने नदी के उपर लक्ष्मण झूला बनाने की मांग विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह से की गई है।

**कार्यों की सरहाना-** सम्मान समारोह में शामिल होने पहुंचे पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा और महापौर मधुसूदन यादव ने शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के कार्यों की सरहाना की। उन्होंने कहा कि लगभग 30 वर्षों से यहां समिति शिवनाथ नदी के संरक्षण, संवर्धन की दिशा में काम कर रही है।

**साहित्य रत्न सम्मान-** सम्मान समारोह के आयोजन के दौरान समिति द्वारा साहित्यकार डॉ. शंकर मुनि रॉय को शिवनाथ साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साहित्यकार डॉ. शंकर मुनि रॉय ने कहा कि देश-विदेश बहुत सम्मान हो जाता है, लेकिन स्थानीय स्तर पर काम का अंकलन होकर सम्मान मिलना बड़ी बात है।

## पृष्ठ 11 का शेष

### जिले में अगले दो...

प्रदेश के बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसे स्थिति बने रहने की संभावना है। इधर डॉक्टरों ने लोगों से इस मौसम में सुरक्षित रहने के लिए अधिक पानी पीने, जरूरत होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।

## कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल में पेयजल की आपूर्ति के संबंध में ली जानकारी

# सुशासन तिहार में प्राथमिकता के साथ आवेदनों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की महत्वपूर्ण पहल है। सभी विभाग प्राथमिकता के साथ आवेदनों का निराकरण करें।

उन्होंने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्वक करें तथा शासन की योजनाओं से जनमानस को अधिक से अधिक लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि आवेदन बड़ी संख्या में किसी कारण से निरस्त हो रहे है, तो संवेदनशीलतापूर्वक इसके दूसरे आयामों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिसके लिए मार्गदर्शन या नीतिगत निर्णय लेने के लिए प्रस्ताव भी भेज सकते हैं। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से उनके विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल में पेयजल की आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली तथा पेयजल के सुचारू व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे महत्वपूर्ण कार्य, घोषणा व बजट के संबंध में गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन के निर्माण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देते करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नालंदा परिसर, एजुकेशन हब, ग्राम पटेवा में प्रस्तावित इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर एवं ग्राम बिजेतला में प्रस्तावित स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के संबंधित जानकारी ली। सभी निर्माण कार्य बारिश को ध्यान में रखते पहले ही पूर्ण करें, जहां भू अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है, वहां सतर्क रहते गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि बच्चों की छुट्टियों को ध्यान में रखते स्कूल की बसों का निरीक्षण कराएं। स्कूल बसों के फिटनेस में किसी भी तरह की शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के कार्य बारिश के दिनों में किया जाना है, इसके लिए सभी संबंधित विभाग पहले से तैयारी रखें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग को नर्सरी विकसित करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में संचालित शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान कार्ड, सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पोट्ठ लईका पहल, खनिज, खाद्य विभाग, खेलो इंडिया अंतर्गत किए जा रहे कार्य सहित विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार से संबंधित आवेदनों का निराकरण करते समय पावती जरूर रखें। ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आवेदनों के प्रकार के अनुसार सही मार्किंग करते आवेदनों का निराकरण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### खाद व बीज आपूर्ति संबंधी ली जानकारी

उन्होंने कहा कि किसानों की मांग के अनुरूप खाद व बीज की उपलब्धता रहनी चाहिए। खरीफ सीजन में खेती-किसानी के दिनों में किसानों को असुविधा नहीं होना चाहिए। खाद-बीज की सतत आपूर्ति होते रहना चाहिए। खाद एवं बीज के अग्रिम उठाव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एफसीआई में चावल शीघ्र जमा कराने कहा तथा सभी समितियों से जीरो शार्टेज से धान का निराकरण कराने के लिए कहा।

## शैक्षणिक कृषक भ्रमण नागपुर के लिए किसान रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने परंपरागत कृषि विकास योजनांतर्गत छुरिया विकासखंड से शैक्षणिक कृषक भ्रमण नागपुर (महाराष्ट्र) हेतु बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिंहा, कृषि स्थाई समिति की सभापति उत्तराबाई निषाद, समाजसेवी राजेश्वर ध्रुवे उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किसानों को शैक्षणिक कृषक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कृषकों को भ्रमण के दौरान नई कृषि पद्धति सीखने, टिकाऊ खेती, फसल चक्र पद्धति अपनाने एवं कम पानी लगने वाले फसलों को लगाने प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जीपी सहादे, हितेश गुप्ता, सुदेश पटेल, संतोष कुमार साहू, मुकेश पडवार, हेमंत वैष्णव, सुरेश ठाकुर सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषक उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज के खिलाफ टिप्पणी, एफआईआर की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ब्राह्मण समाज को लेकर फिल्म निर्माता निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा की गई टिप्पणी पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश देखा जा रहा है। आज ब्राह्मण समाज के युवाओं ने शहर के कोतवाली थाना में पहुंचकर फिल्म निर्माता निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया है।

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अपने शिकायत आवेदन में कहा गया है कि प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा हाल ही में दिए गए एक बयान में ब्राह्मण समुदाय के प्रति अत्यंत आपत्तिजनक, अमर्यादित और घृणास्पद भाषा का प्रयोग किया गया है। उनकी यह टिप्पणी न केवल सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने वाली है, बल्कि यह एक सम्पूर्ण समुदाय की मान-मर्यादा और भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। भारत जैसे विविधताओं वाले देश में ऐसी गैर-जिम्मेदाराना और जातिगत वैमनस्यता फैलाने वाली टिप्पणियां अत्यंत निंदनीय है।

एक सार्वजनिक हस्ती होने के नाते अनुराग कश्यप को सामाजिक समरसता बनाए रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, न कि किसी विशेष जाति या समुदाय के खिलाफ इस प्रकार की दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी करनी चाहिए।

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा कोतवाली थाना पहुंचकर विरोध जताते हुए इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस दौरान ब्राह्मण समाज के संतोष पटाक, तथागत पांडे, शरद तिवारी, विप्लव शर्मा, बोधन शुक्ला सहित समाज के अन्य उपस्थित थे।

### फिल्मों का होगा बहिष्कार


इस मामले को लेकर तथागत पांडे ने कहा कि अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी से सर्व ब्राह्मण समाज आहत हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बात के लिए उन्हें माफी नहीं मिल सकती । सर्व ब्राह्मण समाज उनकी सभी फिल्मों का विरोध करेगा और यहां उनकी फिल्में नहीं लगे देगा।

### गंभीरता का रखे ध्यान

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा मांग की गई है कि इस प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अनुराग कश्यप के विरुद्ध तुरंत एफआईआर एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के असंवेदनशील और समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले वक्तव्य न दे।

## आईजी शांडिल्य ने किया पदभार ग्रहण, कहा : सभी के साथ मिलकर बेहतर कानून व्यवस्था करेंगे स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक व राजपत्रिरियों से जिले के संबंध में सामान्य चर्चा कर कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन द्वारा राजनांदगांव रेंज के तीसरा पुलिस महानिरीक्षक के रूप में अभिषेक शांडिल्य को नियुक्त किया गया है। वे वर्ष 2025 में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर कानून व्यवस्था, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में कार्यरत थे। स्थानांतरण पर राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव आकर अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई एवं तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक केसीजी त्रिलोक बंसल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जिसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक व राजपत्रित अधिकारियों से जिले के संबंध में सामान्य चर्चा कर कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई त्रिलोक बंसल, एएसपी राहुल देव शर्मा, एएसपी मुकेश ठाकुर, एएसपी गीता वागवानी, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, प्रक्षिशु आईपीएस थाना प्रभारी लालबाग ईशु अग्रवाल एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

### कई जिलों में एसपी, छह साल सीबीआई में भी रहे

अभिषेक शांडिल्य (भापुसे) 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, जो प्रदेश के कई जिलो में एसपी रहे। वे 2011-2014 में पुलिस अधीक्षक सुकमा, वर्ष 2014 से 2016 तक पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, वर्ष 2016-17 में सहायक पुलिस महानिरीक्षक लेखा-कल्याण पु.मु. रायपुर, वर्ष 2017-2018 में माननीय राज्यपाल के परिसहाय रहे हैं। तत्पश्चात वर्ष 2018 से 2024 तक केन्द्रीय प्रतिनियुक्त में सीबीआई, सीबीआई में प्रतिनियुक्ति के दौरान ही वर्ष 2021 में उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पदोन्नत्ति प्रदान की गई है। वर्ष 2024 में प्रतिनियुक्ति से वापसी उपरांत उप पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय में पदस्थ रहे हैं।

## डोंगरगांव का गौरव बनी ग्लोरी महेश्वरी

- अंग्रेजी, हिन्दी, गणित व विज्ञान विषय में मिला ए-प्लस ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी



यूनियन पब्लिक स्कूल के कक्षा 7वीं की छात्रा ग्लोरी (चीनी) महेश्वरी ने अंग्रेजी, हिंदी गणित विज्ञान, सामाजिक विज्ञान आदि विषय में A प्लस कर 97 प्रतिशत अंक प्राप्त क्लास में प्रथम स्थान हासिल कर अपने माता पिता स्कूल एवं नगर का मान बढ़ाया है।

ग्लोरी डोंगरगांव के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाज सेवी संदीप महेश्वरी की सुपुत्री है। वे बड़ी होकर आईपीएस बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहती है। ग्लोरी के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनके मम्मी पापा एवं उनके गुरु जनों सहित उनके सह पाठी मित्रों ने बधाई एवं शुभ कामनाएं दी है। सुश्री ग्लोरी प्रारंभ से ही होनहार व मेधावी रही है।




## एमपी की शराब उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

### करवारी फार्म हाऊस में शराब डम्प का मामला

- मामले में अब तक 19 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डोंगरगढ क्षेत्र के करवारी फार्म हाऊस में मिले शराब सहित अन्य सामग्रियों के मामले में पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत मप्र निर्मित शराब उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 29 मार्च को थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670 रुपए को एवं घटनास्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामग्री को जब्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी।

प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के पता तलाश हेतु एक विशेष टीम गठित कर आरोपी पतातलाश हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा दिया गया था, जिस पर गठित विशेष टीम द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए मामले में अब तक फार्म हाउस मालिक सहित कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है।

### अन्य की तलाश जारी

छग में मध्यप्रदेश राज्य से उपलब्ध कराने वाले आरोपी इंदौर निवासी दशरथ मीणा को राजनांदगांव पुलिस के सहयोग से जगदलपुर पुलिस, थाना भानपुरी के अपराध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के मामले में 7 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था आरोपी केन्द्रीय जेल जगदलपुर में निरूद्ध था। उक्त आरोपी प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतु वर्मा उर्फ छोटा कट्टी निवासी मोहारा ओपी मोहारा को मध्यप्रदेश निर्मित शराब उपलब्ध कराता था, जिसे केन्द्रीय जेल जगदलपुर से प्रोडक्शन वारंट में लाकर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड में लेकर पूछताछ कर अन्य आरोपियों के संलिप्तता के संबंध में जानकारी प्राप्त कर फरार आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा है।



### बैठक: पंडरिया विधायक ने जपं स.लोहारा में की विकास कार्यों की समीक्षा

# सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य को जल्द पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|स/लोहारा/कवर्धा

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे, विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और लंबित शिकायतों और जनता द्वारा प्राप्त समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल एवं बिजली आपूर्ति के लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए विशेष रूप से अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए साथ ही विकास कार्यों को तय समय सीमा पर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में सभी जनपद सदस्य एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित थें।

बैठक में विधायक भावना बोहरा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत हुए सर्वे पर कार्य जल्द शुरू करने और हितग्राहियों की सूची जल्द तैयार करने, पात्र हितग्राहियों की किस्त की राशि जल्द प्रदाय करने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मरम्मत एवं नवीन स्वीकृत सड़कों को जल्द पूर्ण करने की बात कही। जल आवर्धन योजना के तहत जल समस्या वाले ग्रामों में प्राथमिकता से पानी की व्यवस्था करने, जिन ग्रामों में पानी के लिए मोटर लगे है वहां बिजली विभाग से समन्वय कर जल्द बिजली कनेक्शन करने और कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की बात कही। साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या का जल्द निराकरण करने स्कूल एवं सार्वजनिक स्थान के आसपास झुके हुए तारों को व्यवस्थित करने, सूतियापाट नहर विस्तारीकरण में हो रहे समस्याओं का त्वरित निराकरण तथा ग्रामीणों को भूमि अधिग्रहण की राशि जल्द देने, जर्जर स्कूलों को चिन्हांकित कर जल्द उसका जीर्णोद्धार एवं विद्यालयों में शौचालय, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं तथा पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण की पूर्व में तैयारी रखने, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नियमित रूप से सेनेटरी पैड एवं रिफिलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इसके साथ ही समय-समय पर खाद्य दुकानों, राशन दुकानों का निरीक्षण करने और पात्र हितग्राहियों के राशनकार्ड बनाने के तथा विभिन्न मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु समय-समय पर शिविर लगाने की बात कही।

उन्होने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनने के बाद से शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से हो रहें हैं ऐसे में समय-समय पर उन विकास कार्यों की समीक्षा अत्यंत ही आवश्यक है, जिससे हम तय समयावधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकें और जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

उन्होने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार का कोई समझौता या गड़बड़ी न हो इसका विशेष ध्यान रखें और जनता द्वारा की गई शिकायतों और समस्याओं का भी त्वरित निराकरण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं। बैठक में सभी जनपद सदस्यों के सुझाव भी हमने सुनें और उस पर भी अमल करने की बात कही है ताकि हर क्षेत्र में विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से जनता को मिल सके।

### व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश



विधायक भावना ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त जल और बिजली की आपूर्ति करने के लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए भी विशेष रूप से अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों और आमजनों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त और स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, सौन्दर्यीकरण, नालियों की समय-समय पर सफाई, तालाबों के आस-पास स्वच्छता, विद्यार्थियों की सुविधा, विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की और व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने की बात कही है। जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाना और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है।

### भाजपा सरकार में विकास कार्यों में आई तेजी: विधायक

विधायक ने कहा कि ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार का उद्देश्य एवं लक्ष्य स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार को समाप्त कर विकास कार्यों को गति देना, जिससे आम जनता को सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी उन्नति के साथ हमारे पंडरिया विधानसभा एवं प्रदेश की प्रगति भी सुनिश्चित हो सके। हमें पूरा विश्वास है कि सुशासन की सरकार में हम इन सभी विकास कार्यों एवं जनकल्याण के कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा करेंगे। जबसे प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनी है विकास कार्यों में तेजी आई है। जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और अधोसंरचना निर्माण, व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा, किसानों और महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यालयों का उन्नयन और मूलभूत सुविधाओं का निरन्तर विस्तार सुनिश्चित हो रहा है। जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है और आगे भी अपने प्रदेश, नगर व शहर और गांव के विकास हेतु हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।



# पर्यावरण संरक्षण संकल्प के साथ मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

■ छात्र छात्राओं के मध्य चित्रकला, निबंध तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में विगत 15 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र छात्राओं एवं ग्रामवासियों के बीच जन-जागृति पर्यावरण बचाने की आवश्यक पहल की जा रही है। वहीं मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रधान अध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर ने छात्र छात्राओं के बीच बृहद मात्रा में पौधरोपण कर उनकी देखभाल, जल बचाने आवश्यक बातें, पौधरोपण से लाभ, कचरा का उचित प्रबंध को बदलते हुए छात्र छात्राओं के मध्य चित्रकला, निबंध तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वहीं शिक्षक विष्णुदत्त कौशिक ने छात्राओं को पर्यावरण का महत्व एवं विद्यालय में किचन गार्डन एवं पौधरोपण किए जाने आगामी क्षेत्र विद्यालय में हरियाली से खुशहाली एवं सन 2025 पृथ्वी दिवस की थीम की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में शिक्षक शक्तिमान दास राय, नीलिमा तिवारी, मालती चंद्रवंशी, दिलीप नागवंशी, सुनीता ठाकुर, श्रीमती ज्योति खरे ने जल के शुद्धीकरण एवं ग्रीष्मकल में खान-पान एवं स्वास्थ्य संबंधी, स्वच्छता के विविध आयाम विद्यार्थियों के मध्य कार्यशाला के रूप में वर्णित करते हुए छात्र छात्राओं का ध्यान पर्यावरण की ओर और उनकी सुरक्षा की ओर आकृष्ट किया।

वहीं प्रधानाध्यापक ने 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूल में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यक गतिविधियां एवं पूर्व तैयारी जिस विद्यालय और ग्राम को लाभ मिल सके, कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर समस्त शिक्षकों को अपने कर्तव्य निर्वहन की ओर प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पृथ्वी सुरक्षा दिवस पर छात्राओं ने धरती बचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पंडरिया

एंबीशन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी सुरक्षा दिवस मनाया गया। वहीं छात्र छात्राओं ने धरती बचाने का संकल्प लिया। हजारों वर्ष पहले प्रकृति ने मनुष्य को हरियाली भरी धरती उपहार में दी थी। उसको उसी मूल स्वरूप में संसाधनों की परिपूर्णता के साथ सुरक्षित रखने की जरूरत है। हम सभी को आने वाली पीढियां के लिए धरती को अनुकूल बनाकर रखना होगा। जल-जंगल ईंधन संसाधन, पेट्रोल, वायु व मिट्टी के संरक्षण के लिए अपनी आदत संकल्प निर्मित करना होगा। जिस पर प्राचार्य आरएन बेहरा, शिक्षक उमेश तिवारी, आरके तिवारी, संस्कार श्रीवास्तव, संतोष प्रधान, अखिलेश सिंह, नंदकुमार चंद्राकर ने बच्चों को पौधरोपण, पानी, बिजली व पेट्रोल-डीजल तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। एयरकंडीशनर का बढ़ता उपयोग और पेड़ों की कटाई से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। वहीं शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि धरती के सम्मान के लिए कराग्रे वसते लक्ष्मी मंत्र का विधान है। धरती सभी मनुष्यों का धारण करती है। इसलिए पैर रखने से पहले धरती का चरण वंदन करना चाहिए। ऐसी हमारे सनातनी परंपरा रही है। कहा गया कि समुद्ररूपी वस्त्र धारण करने वाली पर्वतरूपी भगवान श्रीविष्णु की पत्नी हे भूमिदेवी। हम आपको नमस्कार करते हैं। हे धरती आप हम मनुष्यों को धारण करती हो। आप हमारी माता समान हैं। इसलिए आपके प्रति आभार है। पृथ्वी दिवस पर हम आपके संरक्षण सुरक्षा संवर्धन का संकल्प लेते हैं।




# यात्री प्रतीक्षालय का अभाव ग्रामीण यात्री परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लेकर कवर्धा-बिलासपुर-जबलपुर सड़क किनारे यात्री प्रतीक्षालय अभाव के कारण ग्रामीण यात्रियो को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रहवासियों ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में ग्रामीण व राहगीर बरसात व उमस भरी गर्मी में बस, रिक्शा व अन्य सवारी गाड़ी का धूप में सड़क किनारे स्कूली बच्चे व ग्रामीण बुजुर्गों बसो का इंतजार करने मजबूर है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा सड़क किनारे मुख्य चौक पर यात्रियों के लिए यात्री प्रतीक्षालय व ठहरने के लिए स्टॉपेज का निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीण राहगीरों को बरसात तथा तपीस भरी गर्मी से राहत मिल सकें।

# करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी जल जीवन मिशन लाभ से वंचित क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव

शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल जीवन मिशन अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम बसनी, कंझेटा, घोरपेंड्री, भट्टरूसे, खम्हरिया, पीपरमाटी व रूसे तथा धनेली में नल जल जीवन मिशन के तहत विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य करोड़ों रूपए खर्च कर कराया गया, जो सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शासन प्रशासन द्वारा घरों-घर नल कनेक्शन कर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन विभागीय अधिकारियों व क्षेत्र के जिम्मेदारों की अनियमितता के कारण आज पर्यन्त तक पानी टंकी चालू नहीं हुआ है, वहीं कोई पानी टंकी लीकेज है तो कई जगह बोर खनन ही नही हुआ है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण जन नल जल जीवन मिशन लाभ से वंचित नजर आ रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार शिकवा शिकायत कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार ठेकेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन योजना को चालू कराने की मांग की गई। लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियो को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से मांग करते हैं ठेकेदारों के ऊपर ठोस कार्यवाही कर जल्द से जल्द पानी टंकी चालू करवाएं जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े तथा नल जल जीवन मिशन योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल सके।



### आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में बढ़ती जा रही अपराध व अपराधिक गतिविधियों जिसमें अवैध शराब बिक्री-परिवहन, गांजा व अन्य मामलों में आबकारी विभाग ने मंगलवार को प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब जप्त किया है। सचिव सह आयुक्त आर संगीता एवं प्रबंध संचालक सीएसएमसीएल श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा तथा उपायुक्त आबकारी जीके भगत व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे द्वारा अवैध शराब के परिवहन-धारण के विरूद्ध मंगलवार को आबकारी वृत्त सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम डोंगरिया में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर सूचना पर अरोपी अमरजीत पिता अंबिका सतनामी के निज निवास पर दबिश दी गई। वहीं विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान से कुल 34 नग देशी मदिरा प्लेन की शीशी बरामद हुई। मदिरा को मौके पर जप्त किया गया एवं उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम वर्ष 1915 यथा संशोधित की धारा 34 (1) क, 34 (2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल भेजा गया। आबकारी वृत्त सहसपुर लोहारा प्रभारी रामानंद दीवान के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। इस दौरान गीता साहू, आनंद बख्शी, कुमार रायजादा एवं जगदीश उईके, अमर पिल्ले, इम्तियाज खान, डायमंड साहू का विशेष योगदान रहा।



### जिले के लगभग 130 खरीददारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई

# एनडीपीएस प्रकरणों में जब्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी, शासन को 29 लाख से अधिक का राजस्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट एवं आबकारी अधिनियम के अंतर्गत जब्त तथा न्यायालय द्वारा राजसात किए गए वाहनों की खुली सार्वजनिक नीलामी मंगलवार को न्यू पुलिस लाइन कवर्धा स्थित परेड ग्राउंड में किया गया। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं विधिसम्मत ढंग से क्रियान्वित की गई। जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा निरीक्षण उपरांत नीलामी योग्य घोषित किए गए, कुल 24 वाहनों को बिक्री हेतु प्रस्तुत किया गया। इस नीलामी में जिले के साथ-साथ राज्य के अन्य भागों से आए लगभग 130 खरीददारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जिससे प्रतिस्पर्धात्मक बोलियों के माध्यम से शासन को 29,28,250 रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई। जिसमें दोपहिया वाहन 08, चार पहिया 12, ट्रैक्टर 01, ट्रैक्टर ट्रॉली 01 व भारी वाहन 02 कुल वाहन 24 वाहनों का अपसेट प्राइस (आधार मूल्य) 6,18,500 तथा प्राप्त राजस्व (नीलामी मूल्य) 29,28,250 रूपए प्रमुख वाहनों में होंडा कार जेएच 04 डी 8284 एवं आईसर ट्रक यूपी 86 टी 4176 शामिल थे, जो थाना चिल्फी के प्रकरणों से संबंधित थे। अन्य सभी वाहन न्यू पुलिस लाइन कवर्धा में प्रदर्शित किए गए थे, जिनका इच्छुक खरीददारों ने पूर्वावलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के खिलाफ संघन अभियान लगातार जारी है। पुलिस द्वारा अब तक अनेक एनडीपीएस एवं आबकारी प्रकरणों में जब्ती की कार्यवाही की गई है।

### हाई स्कूल कोलेगांव में कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित




**हरिभूमि कोलेगांव।** मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वीं की परीक्षा परिणाम घोषित की गई। वहीं शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में अध्ययनरत कुल दर्ज संख्या 64 है जिसमें बालक 39, बालिका 25 में से 62 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 19 बालक तथा 20 बालिकाएं उत्तीर्ण हुए वहीं 11 छात्राएं पूरक तथा 12 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहें। जिस पर हाई स्कूल कोलेगांव में कक्षा 9वीं में प्रथम स्थान भरत साहू, द्वितीय स्थान करण साहू तथा तृतीय स्थान चामेश्वरी साहू रहे। इस दौरान अध्यक्ष डॉ संतोष साहू, सरपंच संतोष धुर्वे, प्राचार्य सुकील साहू, सदस्य तथा पालक गण द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं अतिथियों द्वारा आर्शीवचन मार्गदर्शन उद्बोधन किया गया। जिसमें डॉ संतोष साहू द्वारा प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र भरत साहू व करण साहू पांच-पांच हजार व छात्रा चामेश्वरी साहू को तीन हजार रूपए पुरस्कार की घोषणा किया गया। जिस पर सरपंच संतोष धुर्वे द्वारा शाला परिसर में फेंसिंग तार लगाने का आश्वासन प्रदान किया वहीं वरिष्ठ व्याख्याता संतोष डहरिया द्वारा परीक्षा से होने वाले तनाव से दूर रहने के उपाय पर प्रकाश डाला गया साथ ही व्याख्याता लक्ष्मीकांत कश्यप द्वारा बेहतर तैयारी के बारे में बताया गया। प्राचार्य सुकील साहू ने शासकीय स्कूल कोलेगांव के बेहतर परीक्षा परिणाम लिए उपस्थित पालक गण का आभार व्यक्त किया गया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** 15 दिनों से वार्डों की सड़कों में डंप पड़ी है निर्माण सामाग्री, आवागमन हो रहा बाधित

# नगर पंचायत बोड़ला में ठेकेदार की मनमानी से भारी अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला द्वारा इन दिनों नगर में पक्की नाली व सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन नगरवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन की अनदेखी और उसके ठेकेदार की मनमानी तथा बेतरतीब कार्यप्रणाली के चलते नगर के वार्डो में अव्यवस्था का आलम है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने बताया कि नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा नाली तथा सीसी रोड के लिए वार्डो में रेत और गिट्टी तो डंप कराया दिया है लेकिन न तो ठेकेदार का पता है और न ही उसके मजदूरों व मिस्त्री का अतापता है। बीते कई दिनो से सिर्फ निर्माण सामाग्री ही वार्डो की गलियों में बेतरतीब ढंग से पड़ी दिखाई दे रही है जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा नगर के मुख्य मार्ग में सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए गिट्टी, व रेत को डंप करा दिया है और रोड में गिट्टी बिछा दी है। जिससे आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की गर्मी में वार्ड में हो रही पेयजल की किल्लत के चलते नगर पंचायत प्रशासन द्वारा वार्डो में भेजे जाने वाले पानी टेंकर भी प्यासों के पास नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिन वार्डवासियों के घरों में इन दिनो मांगलिक कार्य सम्पन्न होने वाले है उन्हें भी इस भारी अव्यवस्था से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





## नपं प्रशासन तथा वार्ड पार्षद की अनदेखी से नगरवासी त्रस्त

हैरानी की बात यह है कि इस संबंध में नगर पंचायत बोड़ला के मुख्य नगर पालिका से पूछे जाने पर उन्हें इस अव्यवस्था की कोई जानकारी ही नहीं है। लेकिन वे जानकारी होने के बाद मौका मुआयना कर अव्यवस्था की सुध लेने की बात कर रहे हैं। दूसरी तरफ वार्ड के पार्षद व नगर पंचायत अध्यक्ष भी इस अव्यवस्था से नजरें चुराते नजर आ रहे हैं तभी तो वार्डवासी बीते 15 दिनो से इस तरह की मनमानी और अव्यवस्था झेलने मजबूर है। वार्डवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से तत्काल व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने तथा इस तरह की घोरलापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से हो रही पेयजल की बर्बादी, लोगों तक पहुंच रहा दूषित पेयजल



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया नगर पालिका में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था चरमराई हुई है जिसका जिवंत उदाहरण नया बाजार स्थित पाइप लाइन का लीकेज है जिसे दो महीने बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा सुधारा नहीं जा सका है जिसके कारण शहर की आधी आबादी दूषित पानी पीने के लिए मजबूर है।

नगर पालिका मे पेयजल सप्लाई की खस्ताहाल व्यवस्था बताने के लिए किसी आइना की जरूरत नहीं है क्योंकि पंडरिया पानी का शहर होने के बाद भी नगर पालिका प्रशासन भीषण गर्मी मे पेयजल व्यवस्था सुधारने मे नाकाम है। नया बाजार के पास बड़ी पानी टंकी है जिससे पाइप लाइन के द्वारा शहर में पेयजल के लिए पानी की सप्लाई किया जाता है। इस पानी टंकी से बिछी पाइप लाईन में लगभग 2 माह से लीकेज है जिसके कारण पानी टंकी का पानी बाहर निकल रहा है वहीं बाहर का गंदा पानी इस लीकेज के द्वारा दूषित पेयजल के रूप मे नगरवासियों के घर पाइप लाइन द्वारा पहुंच रहा है और इस गंदे पानी को पीने नगरवासी मजबूर है।

यहां बताना जरूरी है कि भीषण गर्मी में एक तरफ पानी की बून्द-बून्द बचाने के लिए जिला प्रशासन लोगों को प्रेरित कर रहा है वहीं पंडरिया पालिका प्रशासन प्रति दिन हजारों लीटर पानी की बर्बादी रोकने में अब तक असफल है। ऐसा नहीं है कि नगर पालिका प्रशासन को इस पासईप लाइन लीकेज की जानकारी नहीं है, पानी लीकेज की पूरी जानकारी नगर पालिका प्रशासन को है परन्तु पानी की बर्बादी रोकने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा पहल नहीं किया जा रहा है। जो पालिका प्रशासन की गैरजिम्मेदारी को स्पष्ट करता है।

## खबर संक्षेप

### नेऊर में आज निः शुल्क मोबाइल पैथ लैब कैम्प

**कवर्धा।** भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा लोगों के बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए संचालित निः शुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब कैम्प का आयोजन 23 अप्रैल विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम नेऊर में किया जा रहा है। स्थानीय बाजार चौक, स्कूल के पास दोपहर 12:00 बजे आयोजित इस निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प में 20 से भी अधिक सामान्य एवं जटिल स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसमें अलकेलाइन फॉस्फेटस, एसजीओटी (एसएल), एसजीपीटी (एसएल), बिलीरुबिन टोटल और डाईरेक्ट, ग्लूकोज (एसए.), कोलेस्ट्रॉल , ट्राइग्लिसराइड्स , एचडीएल-सी डाईरेक्ट, कैलिब्रेटर के साथ, क्रिएटिनिन, यूरिया यूवी (एसएल), यूरिक एसिड (एसएल), एल्बुमिन, सीबीसी (आरबीसी, डब्ल्यूबीसी, प्लेटलेट और एचबी सहित), मलेरिया, डेंगू जैसे जटिल बीमारियो के ईलाज की सुविधा उपलब्ध हैं।

## निधन

### श्रीमती आर ईश्वरी

**कवर्धा।** नगर में संचालित श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा की माता श्रीमती आर ईश्वरी का मंगलवार 22 अप्रैल को निधन हो गया। वे करीब 75 वर्ष की थी और काफी दिनो से अस्वस्थ्य चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह क्षेत्र विशाखापट्नम में किया गया। उनके निधन से श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा सहित उनके शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है। स्कूल प्रबंधन और शुभचिंतकों ने श्रीमती आर ईश्वरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# पर्यावरण की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

## विश्व पृथ्वी दिवस पर हरीतिमा टीम का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता लाने वाले एवं पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन करने की दिशा में कार्य करने वाले सभी लोगों का सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि हम सभी प्रकृति की संरक्षण व संवर्धन के लिए अपने जीवन के अमूल्य समय में से कुछ समय निकालकर इस प्रकृति की सेवा में दे रहे है। कवर्धा की धरती माता को सजाने व संवारने की दृष्टि में अपना महत्तवपूर्ण योगदान दे रहे है।

उन्होनें कहा कि इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से समाज मे व समाज में रहने वाले में जनजागरूकता आयेगी व प्रेरणा भी मिलेगें। इस भाव से हम सबको काम करना है कि धरती हमारी माता है जिस प्रकार से हम अपनी माता पिता की सेवा करते है ठीक इसी प्रकार धरती माता का सेवा करने की आवश्यकता है आज का वातावरण, पर्यावरण अंसतुलन होकर बिगड़ते जा रहा, जिसका संरक्षण संवर्धन करना अत्यंत आवश्यक है पर्यावरण संतुलित रहेगा तो हम सभी स्वस्थ्य रहेगें और हमारा जीवन भी स्वस्थ्य रहेगा।

### नपाध्यक्ष ने पर्यावरण प्रेमियों से की चर्चा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सुधा वाटिका में नगर पालिका क्षेत्र को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से सभी नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं उन सभी संस्थाओं और व्यक्तियों का दिल से सम्मान करता हूँ जो जल, जंगल और जमीन की रक्षा में जुटे हैं। उनका योगदान हमारे नगर के पर्यावरणीय संतुलन के लिए अमूल्य है। उपस्थित विभिन्न संगठनों और पर्यावरण प्रेमियों के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि नगर पालिका आने वाले समय में वृक्षारोपण अभियान को व्यापक रूप से चलाएगी। जिसमें स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संस्थाएं और आम नागरिकों की भागीदारी को शामिल किया जायेगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति व पार्षद रिंकेश वैष्णव, अजय ठाकुर, दुर्गेश अवस्थी, बिहारी राम धुर्वे, दीपक सिन्हा, सुरेन्द्र पाण्डेय, देवकुमार साहू, हरीश साहू, सोनू उपाध्याय, हरीश कुंभकार, केशरी चंद सोनी, दिनेश ठाकुर, हरीतिमा टीम, सुरक्षा टीम, योग समिति, गौ सेवा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### पर्यावरण प्रेमियों का किया सम्मान

नगर पालिका अध्यक्ष ने कवर्धा धरती की रक्षा व उनके संरक्षण संवर्धन में जुटे शहर के संगठनों को सम्मानित किया। जिसमें हरीतिमा टीम, जनसेवा एवं सुरक्षा टीम, मां काली योग समिति, गौ सेवा समिति, पर्यावरण रक्षा गौ सेवा समिति अविनाश ठाकुर, नारायण ठाकुर, दुर्गेश ठाकुर, एकल्वय ठाकुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# भीषण गर्मी में चारा-पानी की भारी किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंचल में पहले ही गौचर भूमि की कमी और अब लगातार तपती गर्मी के चलते मवेशियों के सामने इन दिनो चारा पानी गंभीर संकट गहरा गया है। स्थिति ये है कि दिन भर जंगलों और मैदानों की खाक छानने के बाद भी मवेशियों को पेट भर चारा नहीं मिल पा रहा है।

यही हाल पानी का भी है। भीषण गर्मी में वनांचल के अधिकांश नदी नाले सूख चुके हैं और इंसानों के साथ मवेशियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इन गंभीर हालातों में ग्रामीण अंचलों के मवेशियों को तो फिर भी मवेशी पालक जैसे-तैसे पैरा आदि खिलाकर उनका पेट भर रहे हैं परंतु शहरी क्षेत्र के मवेशियों की हालत दयनीय होते जा रही है। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ सालों के दौरान शासन-प्रशासन तथा राजस्व विभाग की जबरदस्त अनदेखी के चलते जिले के ग्रामीण अंचलों में बड़ी तेजी से फूटी अतिक्रमण की कोढ़ तथा बेजा कब्जा के चलते मवेशियों के लिए छोड़ी गई गौचरभूमि अब लगभग समाप्त हो चुकी है और इन गौचर भूमि में आज कोई अतिक्रमणकारी खेती कर रहा है तो कोई पक्का निर्माण करके बैठा है। जिसका खामियाजा अब मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है। स्थिति ये है कि मवेशियों को न तो ग्रामीण क्षेत्रों में चारा मिल रहा है और न ही उजड़ चुके जंगलों से ही उनकी पेट पूजा हो पा रही है। चरवाहों की माने तो लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते अंचल के जंगल पूरी तरह उजड़ चुके हैं और उनमें से हरियाली पूरी तरह गायब हो चुकी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की बात की जाए यहां पहले से ही मवेशियों को चराने की भारी समस्या है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि मवेशियों को दिनभर गांव से लेकर जंगलों में घुमाने के बाद भी उनका पेट नहीं भर पा रहा है।



चारागाहों और जंगलों को उजाड़कर अपने पैर में कुल्हाड़ी मारने वाले ग्रामीण मवेशी पालक अब मवेशियों को पैरा आदि खिलाकर उनका पेट भर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ शहरी क्षेत्र के मवेशियों की व्यथा और तकलीफ दायक है। शहर की सड़कों में धक्के खाने वाले इन मवेशियों को तो सूखा पैरा भी नसीब नहीं हो रहा है और वे अपना पेटभरने के लिए शहर में जहां तहां पड़ी पॉलीथिन, कागज, गत्ता को खाकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इस भीषण गर्मी में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के मवेशियों के सामने पानी की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। चरवाहों के मुताबिक वनांचल क्षेत्र के अधिकांश नदी नाले गर्मी में सूख चुके हैं और जिनमें थोड़ा बहुत पानी बचा भी है तो वे कुछ दिनो के ही साथी है। कुल मिलाकर देखा जाए तो ग्रीष्म ऋतु के इस दौर में मवेशी सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं।

# स्कूलों में 25 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए आगामी 25 अप्रैल से विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने वर्तमान में पड़ रहे भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों के हित में तत्काल ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग किया था, जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा 22 अप्रैल को जारी आदेश में विभाग के विगत 20 सितंबर 2024 के आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए एक मई से 15 जून 2025 तक घोषित अवकाश को संशोधित कर आगामी 25 अप्रैल से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

यह संशोधित आदेश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। यह आदेश प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त व गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों के लिए लागू होगा। डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि इस आदेश से स्पष्ट है कि शिक्षकों को 30 अप्रैल 2025 तक स्कूल जाना होगा। शिक्षकों के लिए पूर्व के विभागीय आदेश के अनुसार एक मई से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।

## शासकीय हाई स्कूल बैरख में बच्चों ने मनाया गया पृथ्वी दिवस



**बोड़ला।** वनांचल के शासकीय हाई स्कूल बैरख प्रांगण में मंगलवार को संयुक्त रूप से आदिवासी बालक आश्रम बैरख, माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल बैरख के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए बताया गया कि पहली बार दुनिया ने 22 अप्रैल 1970 में पृथ्वी दिवस मनाया था। पृथ्वी दिवस मनाने का श्रेय अमेरिकी राजनेता एवं पर्यावरण एक्टिविस्ट सीनेटर जेलार्ड नेल्सन को जाता है। पर्यावरण को संरक्षित कर हम पृथ्वी को भविष्य के लिए सहेज कर रख सकते है। अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हम सभी जल, थल, वायु का संरक्षण कर पर्यावरण को संतुलित कर, अपनी पृथ्वी को स्वच्छ और सुन्दर रख सकते है। पृथ्वी दिवस के अवसर पर संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, प्रधान पाठक आरती झारिया, चमेश रावटे शिक्षिका ने भी बच्चों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने की बात कही। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

**सुनसान इलाकों में शराब पीने वालों पर शिकंजा, अवैध चखना सेंटरों को दी गई चेतावनी**

# पुलिस प्रशासन ने कवर्धा में चलाया सघन रात्रिकालीन विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने तथा समाज में सुरक्षित व अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कबीरधाम पुलिस लगातार सतर्क और सक्रिय भूमिका में है। इसी क्रम में 21 अप्रैल 2025 की रात्रि एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसकी योजना पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में बनाई गई। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल द्वारा समन्वय किया गया और इसका नेतृत्व कवर्धा एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर (डीएसपी) द्वारा किया गया। पुलिस की डीआरजी और कोतवाली थाना तथा यातायात के बल की संयुक्त टीम ने रात के अंधेरे में उन इलाकों में दबिश दी, जहां आमतौर पर अवैध गतिविधियां पनपने की संभावना बनी रहती है। सुनसान स्थानों, खाली मैदानों, बगीचों और आउटर कॉलोनियों के आसपास विशेष निगरानी रखी गई। कार्रवाई के दौरान कई ऐसे व्यक्तियों को पकड़ा गया जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए पाए गए थे। उन्हें न केवल मौके से खदेड़ा गया, बल्कि कड़ी चेतावनी देते हुए उनके पहचान पत्र, गतिविधियाँ और पृष्ठभूमि की जानकारी भी ली गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार का आचरण न केवल गैरकानूनी है बल्कि सामाजिक शांति के लिए भी खतरा है। इस अभियान में पुलिस ने उन तथाकथित चखना सेंटरों पर भी नजर रखी जो भोजनालय या जनरल दुकानों की आड़ में अवैध रूप से शराब सेवन का अड्डा बने हुए थे। टीम ने अनेक ऐसे प्रतिष्ठानों पर जाकर पूछताछ की और स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनके द्वारा ग्राहकों को बैठाकर शराब पीने की सुविधा दी गई तो संबंधितों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई केवल एक दिन की नहीं, बल्कि एक व्यापक योजना का हिस्सा है। कबीरधाम पुलिस की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा और सामाजिक शांति है।



# कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान एवं शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए उनकी मांगों एवं समस्याओं को समझकर त्वरित एवं ठोस निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर गोपाल वर्मा आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय में निराकरण करने के निर्देश विभागवार अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित होने के बाद उनका समयबद्ध, ठोस एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर मोनिका कौड़ो, मुकेश रावटे, नरेंद्र पैकरा, विनय पोयाम, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सुश्री हर्षलता वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।